प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 10 अप्रैल, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन आज लोक भवन, राँची में शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर दोनों के मध्य राज्यहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। भेंट के क्रम में राज्यपाल महोदय को माननीय मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से भी अवगत कराया।

---

(2) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार द्वारा आज झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुच्छेद 10 (2) में प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए प्रो. सरोज शर्मा, प्राध्यापक एवं संकायाध्यक्ष, स्कूल ऑफ एजुकेशन, जीजीएस इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, द्वारका, नई दिल्ली को राँची विश्वविद्यालय, राँची का कुलपति नियुक्त किया गया है।